भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- †624
उत्तर देने की तारीख- 25/07/2024

नामाक्कल में एकलव्य मॉडल आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

†624. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु के नामाक्कल जिले में एकलव्य आदर्श आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नए भवन की स्थिति क्या है; और

(ख) नामाक्कल जिले के सेंगाराई में उक्त विद्यालय का नया भवन कब तक प्रचालन में आ जाएगा?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (ख): एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, तमिलनाडु के नमक्कल जिले के ईएमआरएस सेंगाराई के लिए नया भवन पूरा हो गया है और कार्यात्मक (कार्यशील) है। उक्त ईएमआरएस 2023 से अपने स्वयं के भवन से कार्यात्मक (कार्यशील) है।

*****